प्रादेशिक समाचार

दिनांक–14.08.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- झारखंड कारखाना संशोधन बिल को राष्ट्रपति ने दी मंजूरी, कारखानों में अब रात्रि पाली में भी काम कर सकेंगी महिला श्रमिक।
- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिकारियों को जनहित से जुड़े कार्यों को समय पर पूरा करने के दिये निर्देश, कहा– गांवों के विकास से ही राज्य बनेगा सशक्त।
- एसीबी ने जेल में बंद निलंबित आईएएस अधिकारी विनय चौबे को खासमहाल जमीन घोटाला मामले में भी बनाया आरोपी, शराब घोटाला मामले में उनकी जमानत याचिका पर आज भी होगी सुनवाई।
- मौसम विभाग ने 17 अगस्त तक राज्य में अनेक जगहों पर तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात की जारी की चेतावनी, येलो अलर्ट जारी।
- राज्यस्तरीय जवाहरलाल नेहरु कप हॉकी प्रतियोगिता 17 अगस्त से रांची में, राज्यभर के 11 सौ से ज्यादा खिलाड़ी लेंगे भाग।

*********************

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने झारखंड कारखाना संशोधन विधेयक को मंजूरी दे दी है। इसके अधिनियम बनने से कारखानों में महिला श्रमिक रात्रि पाली में भी काम कर सकेंगी। राज्य सरकार ने इस विधेयक को विधानसभा से पारित कराकर राज्यपाल को भेजा था। राज्यपाल ने इसे राष्ट्रपति को भेज दिया था, जिस पर उन्होंने अपनी स्वीकृति दे दी है।

*********************

केन्द्रीय महिला बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने राज्यवासियों से हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने की अपील की है। कोडरमा में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने लोगों से हर घर तिरंगा अभियान की तरह स्वदेशी आंदोलन को भी जन आंदोलन बनाने की अपील की।

*********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज उन्यासिवें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करेंगी। संबोधन शाम सात बजे से आकाशवाणी के समूचे राष्ट्रीय नेटवर्क पर प्रसारित होगा। इस कारण आकाशवाणी रांची से शाम सात बजे प्रसारित होने वाला सांध्यकालीन प्रादेशिक समाचार का प्रसारण छह बजकर 45 मिनट पर ही होगा। कल स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार का शाम सात बजे जनता के नाम संबोधन होगा। इस वजह से कल भी सांध्यकालीन प्रादेशिक समाचार का प्रसारण छह बजकर 45 मिनट पर ही होगा।

*********************

हर घर तिरंगा अभियान के तहत रांची के धुर्वा स्थित सीआरपीएफ कैंप से डीआईजी डीएन लाल के नेतृत्व में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा में सीआरपीएफ जवानों के अलावा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के छात्र–शिक्षक और स्थानीय लोग शामिल हुए। लगभग 350 मीटर लंबे तिरंगे के साथ यात्रा रिंग रोड होते हुए पुनः कैंप पहुंची और इस दौरान राहगीरों के बीच तिरंगों का वितरण भी किया गया। इस मौके पर डीआईजी ने लोगों से अपने–अपने घरों में तिरंगा लगाने की अपील की।

*********************

राज्य के अन्य हिस्सों में भी हर घर तिरंगा अभियान जारी है। इस कड़ी में जमशेदपुर के सुंदरनगर मंडल में भाजपा की ओर से भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गयी। देशप्रेम से सराबोर पार्टी कार्यकर्ताओं में इस दौरान खासा उत्साह देखा गया। इस मौके पर पोटका की पूर्व विधायक मेनका सरदार ने कहा कि राष्ट्र की एकता और अखंडता को कायम रखने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है।

*********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिकारियों को जनहित से जुड़े कार्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री फिलहाल अपने पिता शिबू सोरेन के श्राद्ध कर्म के लिए अपने पैतृक गांव रामगढ़ जिले के नेमरा में हैं। बावजूद इसके राज्य के विकास और प्रशासनिक कार्यों का भी निपटारा कर रहे हैं। श्री सोरेन ने कल अपने गांव के विभिन्न इलाकों का पैदल भ्रमण किया और स्थानीय लोगों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना। इस दौरान उन्होंने कहा कि गांवों के विकास से ही राज्य सशक्त बनेगा।

*********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,
इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

*********************

मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के लाभुकों को सरकार ने बड़ी राहत दी है। इस योजना को अब मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना में शामिल किया जायेगा। इसके बाद लाभुकों को 15 लाख तक मुफ्त उपचार सुविधा मिलेगी। यह निर्णय स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया।

*********************

हजारीबाग में करीब 2 दशमलव सात पांच एकड़ खास महाल की जमीन की अवैध तरीके से खरीद–बिक्री मामले में दर्ज प्राथमिकी में एसीबी ने निलंबित आइएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे को भी आरोपी बनाया है। वर्तमान में विनय कुमार चौबे शराब घाटोला मामले में रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में बंद हैं। उन्हें एसीबी ने 20 मई को गिरफ्तार किया था। शराब घोटाला मामले में श्री चौबे की जमानत याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई चल रही है। इस मामले में आज भी सुनवाई होगी।

*********************

बड़कागांव की विधायक और कांग्रेस की नेता अंबा प्रसाद ने एनटीपीसी पर विस्थापन नीति की अवहेलना करने का आरोप लगाया है। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि रैयतों के मुआवजा भुगतान और नौकरी देने में एनटीपीसी लापरवाही बरत रहा है।

*********************

रांची के अनगड़ा थाना क्षेत्र में भीषण सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई। यह घटना कल रात हुई। बताया जा रहा है कि धान लोड ट्रक अनियंत्रित होकर ऑटो पर पलट गया। इस वजह से ऑटो पर सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। सभी नामकोम थाना क्षेत्र के रहने वाले थे।

*********************

पलामू जिले में सड़क दुर्घटनाओं में घायल लोगों को अब इलाज के लिए आर्थिक संकट का सामना नहीं करना पड़ेगा।

*********************

मौसम विभाग ने आज से 17 अगस्त तक राज्य के अनके हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के अनुसार राज्य में अगले 24 घंटे के दौरान अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है। इसके बाद अगले 3 दिनों में इसमें कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है।

*********************

राज्य में हॉकी का रोमांच फिर लौटने वाला है। 17 से 19 अगस्त तक रांची में राज्यस्तरीय जवाहरलाल नेहरू हॉकी प्रतियोगिता 2025–26 का आयोजन होने जा रहा है। इसके लिए सारी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। इस प्रतियोगिता में अंडर–15 बालक, अंडर–17 बालिका और अंडर–17 बालक वर्ग के मैच होंगे। इस प्रतियोगिता में कुल 1 हजार 152 खिलाड़ी, 24 कोच और 24 टीम मैनेजर हिस्सा लेंगे। मैच लीग–कम–नॉकआउट फॉर्मेट में होंगे।

*********************

आंध्रप्रदेश के काकीनाडा में 1 से 12 अगस्त तक हुई 15वीं हॉकी इंडिया जूनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियनशिप का खिताब झारखंड ने अपने नाम किया है। टीम के रांची पहुंचने पर बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर हॉकी झारखंड के पदाधिकारियों, खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों ने विजेता खिलाड़ियों का भव्य स्वागत किया।

*********************

अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेमरा की पगडंडियों पर पैदल भ्रमण की खबर को प्रमुखता दी है।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है–सहायक आचार्यः 11 हजार पदों के लिए ली परीक्षा, पर 4 हजार 817 शिक्षक ही मिले।

प्रभात खबर ने लिखा है– हाईकोर्ट ने जनहित के चार मामलों पर लिया संज्ञान।

हिन्दुस्तान के शब्द हैं– सीएम गंभीर बीमारी योजना में अब 15 लाख तक उपचार।

दैनिक जागरण लिखता है–दो लाख का इनामी माओवादी अरुण ढेर।

***************